(NAAC Accredited : 'B' Grade)

Tel. : 0532-2695138
Email : hnbnaini@gmail.com
Web : www.hnbpgcollegenaini.org

हेमवती नन्दन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
Hemwati Nandan Bahuguna Govt. P.G. College

नैनी, इलाहाबाद - 211008 (उ.प्र.)
Naini, Allahabad - 211008 (U.P.)

पत्रांक ....

दिनांक 20/02/2020

मातृभाषा दिवस कार्यक्रम रिपोर्ट

हेमवती नन्दन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नैनी, प्रयागराज में आज दिनांक 20.02.2020 को ' एक भारत श्रेष्ठ भारत ' अभियान के अर्न्तगत मातृभाषा दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 शील प्रिय त्रिपाठी ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर किया । इसके पश्चात् प्राचार्य प्रो0 शील प्रिय त्रिपाठी ने मातृभाषा हिन्दी की प्ररिद्ध साहित्यिक पुस्तकों की प्रदर्शनी का अनावरण किया जिसमें मातृभाषा हिन्दी के महत्व, प्रसिद्ध साहित्यकारो एवं हिन्दी काव्य संकलन एवं प्रसिद्ध हिन्दी उपन्यास एवं दार्शनिक पुस्तको को प्रदर्शित किया गया । उक्त प्रदर्शनी का अवलोकन महाविद्यालय के शिक्षकगण व छात्र/छात्राओं ने पूरे उत्साह से किया । महाविद्यालय की संस्कृत की विभागाध्यक्ष डॉ0 मंजुलता ने मातृभाषा हिन्दी के महत्व पर व्याख्यान दिया । इसके पश्चात् छात्र–छात्राओं ने हिन्दी के प्ररिद्ध कवियो की रचनाओं का पाठ किया । महाविद्यालय के EBSB club की समन्वयक डॉ0 नीतू सिंह ने छात्र–छात्राओं से मातृभाषा हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग व ज्ञानार्जन हेतु प्रेरित किया । इस अवसर पर EBSB club के सदस्य डॉ0 महेन्द्र प्रसाद, डॉ0 सन्दीप कुमार, डॉ0 आर0के0 सिंह व डॉ0 नीति सिंह ने राष्ट्र की एकता व अखण्डता में हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ । धन्यवाद ज्ञापन EBSB club के सह प्रभारी डॉ0 महेन्द्र प्रसाद ने दिया ।

डॉ0(नीतू सिंह)
EBSB नोडल प्रभारी

डॉ0(शील प्रिय त्रिपाठी)
प्राचार्य

Scanned by CamScanner